तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 10 मई 2025


11 मुख्यमंत्री ने बल्दाकछार को दी कई सौगातें


12 समाधान शिविर में हितग्राहियों को मिली सुविधा...



## खबर संक्षेप

### पीएटी और पीव्हीपीटी परीक्षा 15 मई को, 11 सौ से अधिक परीक्षार्थी होंगे शामिल

**बलौदाबाजार।** व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 15 मई को पीएटी एवं पीव्हीपीटी परीक्षा का आयोजन केवल प्रथम पाली में किया जा रहा है। परीक्षा आयोजन हेतु जिले में 3 केंद्र बनाए गये हैं, जिसमें 1164 परीक्षार्थी शामिल होंगे। बताया गया कि प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 9 से अपरान्ह 12.15 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें दाऊ कल्याणसिंह शासकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार में 480 परीक्षार्थी, शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में 374 परीक्षार्थी एवं पं. चक्रपाणि शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल बलौदाबाजार में 310 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

### निःशुल्क संगीत प्रशिक्षण का पंजीयन 13 से

**बलौदाबाजार।** जिला प्रशासन के सहयोग से बलौदाबाजार नगर अंतर्गत संचालित निःशुल्क संगीत प्रशिक्षण हेतु 13 मई से पंजीयन शुरू होगा। संगीत कला जैसे तबला वादक, गायन संगीत, शास्त्रीय संगीत, गिटार पेड, हारमोनियम आदि जैसे विधाओ में रुचि रखने वाले छात्र- छात्राओं का पंजीयन एमडीव्ही स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बलौदाबाजार में करवा सकते हैं। समस्त शासकीय, अशासकीय शालाओं के संगीत कला क्षेत्र में रूचि रखने वाले छात्र-छात्रों को 13 जुलाई से निःशुल्क संगीत प्रशिक्षण दिया जायेगा।

### यादव समाज का एक दिवसीय बैठक कल

**पलारी।** श्रीराधाकृष्ण मंदिर बालसमुंद पलारी में झेरिया यादव समाज पलारी परिक्षेत्र का वार्षिक सम्मेलन 11 मई रविवार को रखा गया है। समाज के वार्षिक सम्मेलन में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान सामाजिक उत्थान पर चर्चा, सामाजिक प्रकरण का निपटारा किया जावेगा। इसके मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, अध्यक्षता सुकालू यादव, प्रदेश संरक्षक एवं विशेष अतिथि जनपद अध्यक्ष सविता भीम यादव और जिला के पदाधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। पलारी परिक्षेत्र के अध्यक्ष नंदकुमार यादव व सचिव कमलेश यदु ने समाज के सभी सदस्यों को उपस्थित होने की अपील की है।

### आर्ट ऑफ लिविंग का प्रज्ञा योगा 17 से

**महासमुंद।** आर्ट ऑफ लिविंग परिवार महासमुंद द्वारा 17 से 20 मई तक महासमुंद में 8 वर्ष से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए प्रज्ञा योगा (इंस्टीट्यूशन कोर्स) स्वाध्याय भवन महासमुंद में आयोजित किया जा रहा है इस कोर्स को लेने के लिए नागपुर महाराष्ट्र की वरिष्ठ शिक्षिका नीता चौधरी एवं योगिता चौधरी आ रही हैं।

# पाकिस्तान के खिलाफ एयर स्ट्राइक, भाजपा ने मनाया जश्न

## कार्यकर्ताओं ने आतिशबाज़ी कर हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदा बाजार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भारतीय सेना के कुशल नेतृत्व में पाकिस्तान में की गई सफल एयर स्ट्राइक– ऑपरेशन सिन्दूर की गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी बलौदाबाजार शहर मंडल द्वारा गार्डन चौक में भव्य विजय उत्सव का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने आतिशबाज़ी कर भारत माता की जय, वंदे मातरम् और हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारों के साथ राष्ट्र प्रेम की भावना को सजीव किया। कार्यक्रम में ऑपरेशन सिन्दूर को भारत की सैन्य शक्ति का प्रतीक बताते हुए इसे नए भारत का साहसी संदेश बताया गया।

इस विजय उत्सव में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी और नागरिक उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से उपस्थित अतिथियों में कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव, वरिष्ठ नेता विजय केसरवानी, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, जिला उपाध्यक्ष नरेश केसरवानी एवं नीलम सोनी, जिला मंत्री सुनीता वर्मा एवं शशिभूषण शुक्ला, शहर मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव, नगर अध्यक्ष अशोक जैन, उपाध्यक्ष जितेंद्र महाले, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रवि वर्मा, महामंत्री मणीकांत मिश्रा, संजय श्रीवास, हरिश्चंद्र वर्मा, राजेश वर्मा, कपिल कश्यप, राहुल ▶▶ शेष पेज 11 पर



### भारत किसी भी चुनौती का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा, यह नया भारत है। ऑपरेशन सिन्दूर ने साबित कर दिया है कि भारत अब किसी भी चुनौती का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी और निर्णायक नेतृत्व में देश ने पूरी दुनिया को यह स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत अब आतंकवाद और उसके समर्थकों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगा।

## तिहार : जल संचयन वाहिनी के प्रयासों को सराहा, कहा पानी बचाने ऐसे प्रयास जरूरी

# सीएम बने राज मिस्त्री, सोखता गड्ढे में की ईंट जोड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुशासन तिहार के अंतर्गत बल्दाकछार ग्राम विकासखंड कसडोल का दौरा किया। यह ग्राम विशेष पिछड़ी जनजाति 'कमार' बहुल है। मुख्यमंत्री ने 'मोर गांव, मोर पानी' महाभियान के अंतर्गत जल संचयन वाहिनी द्वारा बनाए जा रहे सोखता गड्ढे का अवलोकन किया। उन्होंने खुद कइचा उठाकर निर्माणाधीन गड्ढे में ईंट जोड़ी और जल संरक्षण का संदेश दिया।

मुख्यमंत्री ने जल संचयन वाहिनी के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा, जल संकट से निपटने के लिए इस तरह के प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। जल ही जीवन है, और इसके संरक्षण में समाज की सहभागिता अनिवार्य है।

इसके अलावा, 1291 तालाबों की सफाई भी पूरी की जा चुकी है। जल संरक्षण के लिए ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की नियमित बैठकें हो रही हैं, जिनमें वर्षा जल संचयन हेतु आवश्यक निर्माण कार्यों का प्रस्ताव पारित किया जाता है और बनी हुई संरचनाओं का ग्रामीणों द्वारा भौतिक सत्यापन किया जा रहा है।



### हर पंचायत में बन रही हैं जल संचयन वाहिनी

प्रत्येक ग्राम पंचायत में दो जल संचयन वाहिनियां गठित की गई हैं, जो ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने इन वाहिनियों की सक्रियता की सराहना की और इसे 'जनभागीदारी से जल सुरक्षा' की दिशा में बड़ा कदम बताया।

### राज्यव्यापी स्तर पर हो रहे हैं प्रभावी प्रयास

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री साय ने 24 अप्रैल को पंचायत राज दिवस के अवसर पर 'मोर गांव, मोर पानी' महाभियान की शुरुआत की थी। अभियान के अंतर्गत बलौदाबाजार-भाटापारा जिले की सभी 519 ग्राम पंचायतों में अब तक नलकूपों के पास 2500 से अधिक सोखता गड्ढों का निर्माण किया जा चुका है।

### बल्दाकछार में बन चुके हैं 10 सोखता गड्ढे

जल संचयन वाहिनी की सदस्य ललिता ध्रुव ने जानकारी दी कि बल्दाकछार में अब तक 10 नलकूपों के पास सोखता गड्ढों का निर्माण किया जा चुका है। मोर गांव, मोर पानी अभियान के अंतर्गत तालाबों की सफाई, जागरूकता रैली, दीवार लेखन और वर्षा जल संचयन के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया जा रहा है।

## 10 लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 8 मई को एक बड़ी कार्रवाई की। ग्राम खटियापाटी में अवैध महुआ शराब की बिक्री की सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर एक आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया।



गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजकुमार भारद्वाज 38 वर्ष निवासी ग्राम खटियापाटी के रूप में हुई है। उसके कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब जिसकी बाजार कीमत 2000 आंकी गई है, के साथ-साथ 200 नगद बिक्री रकम बरामद की गई है।

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गई है। थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने आगे भी ऐसे अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी और कठोर कार्रवाई की जानकारी दी है।

# मुख्यमंत्री ने युवाओं को पहनाया हेलमेट, दिया सड़क सुरक्षा का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- जान है कीमती, हेलमेट जरूर लगाएं : मुख्यमंत्री साय की अपील

सुशासन तिहार के अंतर्गत शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन का औचक निरीक्षण करने बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के ग्राम बलदाकछार पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एक सशक्त सामाजिक संदेश दिया। उन्होंने ग्राम चौपाल में उपस्थित दो युवाओं को अपने हाथों से हेलमेट पहनाकर सड़क सुरक्षा का महत्व समझाया।मुख्यमंत्री ने 24 वर्षीय धनंजय पटेल और 28 वर्षीय हेमलता चंद्राकर को हेलमेट पहनाते हुए कहा, जान है कीमती, हेलमेट जरूर लगाएं। ▶▶ शेष पेज 11 पर

## कलेक्टर ने लिया संज्ञान, कार्यक्रम पर लगाई रोक

# शिलालेख हटाकर दुबारा भूमि पूजन करना गलत, जनप्रतिनिधियों ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर पालिका क्षेत्र में पूर्व में हुए विकास कार्यों का पुनः भूमि पूजन कराए जाने और पुराने शिलालेख हटाने के मामले में सियासत गरमा गई है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष चितावर जयसवाल, पूर्व पार्षद संकेत शुक्ला और भाजपा मंडल महामंत्री मणिकांत मिश्रा ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

जनप्रतिनिधियों का कहना है कि पूर्व कार्यकाल में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, राजस्व एवं कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा व सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिन विकास कार्यों का विधिवत भूमि पूजन कर शिलालेख लगाए गए थे, उन्हीं कार्यों का ▶▶ शेष पेज 11 पर



### सीएमओ ने आरोपों को बताया निराधार

मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरौंद भोई ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि पूर्व कार्यकाल में लगे शिलालेखों को हटाया नहीं गया है और न ही उन्हीं कार्यों का पुनः भूमि पूजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा फैलाया जा रहा भ्रम पूरी तरह गलत और बेबुनियाद है।

### करोड़ों के कार्य कराए थे स्वीकृत

पूर्व अध्यक्ष चितावर जयसवाल ने बताया कि उनके कार्यकाल में नगर के लिए करोड़ों रुपए के विकास कार्य स्वीकृत कराए गए थे। इनमें प्रमुख रूप से धोबी तालाब और पिपरा तालाब का सौंदर्यीकरण, वार्ड-2 व 17 में मोक्षधाम विकास, षष्ठी देवी मंदिर परिसर सौंदर्यीकरण, नया बस स्टैंड उन्नयन, गार्डन चौक में अटल परिसर निर्माण, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में सीसी रोड व नाली निर्माण, गौरव पथ रोड पर नाली निर्माण और साहू छात्रावास में मंच एवं पेवर ब्लॉक कार्य शामिल हैं। कई कार्यों की शुरुआत हो चुकी है, जबकि कुछ की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने मांग की है कि सभी स्वीकृत कार्यों को शीघ्र पूरा कराया जाए और मुख्य नगर पालिका अधिकारी पर उचित दंडात्मक कार्रवाई की जाए।



## खबर संक्षेप

### पीएससी के पूर्व अध्यक्ष पिस्दा के निधन पर सीएम ने जताया शोक

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष और भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी केआर पिस्दा के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है। अपने शोक संदेश में उन्होंने कहा कि पिस्दाजी एक कुशल प्रशासक, कर्तव्यनिष्ठ, मिलनसार और लोकप्रिय अधिकारी थे। उन्होंने दंतेवाड़ा और कांकेर कलेक्टर सहित अनेक महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए विकास के कार्यों में उल्लेखनीय योगदान दिया। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिजनों को इस दुःख को सहने का संबल प्रदान करें।

### नक्सल मामले में सीएम और गृह मंत्री के बयान में विरोधाभास : बैज

**रायपुर।** नक्सल मामले में मुख्यमंत्री और गृह मंत्री के अलग-अलग बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, नक्सल मामले में मुख्यमंत्री और गृह मंत्री के बीच शीत युद्ध चल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन संकल्प अभियान जिक्र करते हुए ऑपरेशन की सफलता पर पीठ थपथपा रहे हैं। 22 नक्सलियों के शव बरामद होने की जानकारी दे रहे हैं। जवानों को बधाई दे रहे हैं और प्रदेश को नक्सली मुक्त होने की दिशा में आगे बढ़ाना बता रहे हैं। वहीं राज्य के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा मुख्यमंत्री के बयान के विपरीत 22 नक्सलियों के मारे जाने की खबर को भ्रामक बता रहे हैं और संकल्प नाम से कोई भी ऑपरेशन नहीं चलने की जानकारी दे रहे हैं। आखिर प्रदेश की जनता किसके बयान पर भरोसा करे?

### हाट-बाजार उन्नयन के लिए 3.76 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर।** राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) ने मुंगेली नगरपालिका में दो कार्यों के लिए तीन करोड़ 75 लाख 70 हजार रुपए मंजूर किए हैं। उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा अपने मुंगेली प्रवास के दौरान की गई घोषणाओं को पूर्ण करने सूडा द्वारा यह राशि स्वीकृत की गई है। राशि स्वीकृति के संबंध में सूडा द्वारा मुंगेली नगरपालिका के सीएमओ को परिपत्र जारी किया गया है। सूडा द्वारा मुंगेली नगरपालिका में हाट-बाजार उन्नयन कार्य के तहत बुधवारी बाजार के उन्नयन के लिए एक करोड़ 80 लाख 98 हजार रुपए मंजूर किए गए हैं। उद्यान उन्नयन कार्य के अंतर्गत पुष्पवाटिका के उन्नयन के लिए भी एक करोड़ 94 लाख 72 हजार रुपए की स्वीकृति सूडा द्वारा दी गई है।

### पीएमजीएसवाय के राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक का दौरा

**रायपुर।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत राज्य में बन रही ग्रामीण सड़कों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अब तृतीय स्तर का निरीक्षण किया जाएगा। इस क्रम में राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक मई माह में राज्य के विभिन्न जिलों का दौरा करेंगे। छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के मुख्य अभियंता एवं राज्य गुणवत्ता समन्वयक ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना विकास एजेंसी नई दिल्ली द्वारा जारी निरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक पंकज बकाया मई माह में राज्य के दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले में हुए निर्माण कार्यों की समीक्षा करेंगे।

### खेल-खेल में बच्चों को मिल रही अध्यात्म और राजयोग की शिक्षा

**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा नवा रायपुर के सेक्टर-20 स्थित एकेडमी फॉर-ए-पीसफुल वर्ल्ड शांति शिखर में आयोजित समर कैंप का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर बच्चों को संबोधित करते हुए श्री सत्यसाईं हास्पिटल के चेयरमैन श्रीनिवास राव ने ब्रह्माकुमारी बहनों के तपस्वी जीवन और समर कैंप की सराहना करते हुए कहा कि इतनी कम उम्र में दैवीय गुणों से संपन्न बहनों को देखकर मैं आश्चर्यचकित रह जाता हूं। यहां के शांत और पवित्र वातावरण को देखकर मेरा भी समर कैंप में शामिल होने का मन कर रहा है।

# धान की नीलामी में बेस रेट से कम बोली लगाने वालों को प्राइज मैचिंग का विकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में मार्कफेड द्वारा सरप्लस धान 33 लाख मीट्रिक टन के लिए नीलामी में व्यापारियों ने अधिकतर जिलों में 1900 से 1950 रुपए की बोली लगाई। वहीं दुर्ग और राजनांदगांव जिले के कुछ जगहों पर संग्रहण केंद्र में रखे धान के लिए 2050 से 2100 रुपए की बोली लगाई है।

अधिकतर व्यापारियों ने 1400 रुपए से लेकर 1700 रुपए तक की बोली लगाई है। इस नीलामी में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित दर से कम दर वाले एच-1 निविदाकर्ता को 5 से 6 मई तक ऑनलाईन प्लेटफार्म के माध्यम से प्राइस मैचिंग का विकल्प उपलब्ध कराया गया है। यदि किन्हीं कारणों से एच-1 निविदाकार द्वारा प्राइस मैच नहीं किया गया हो, तो उनको प्राइस मैचिंग के लिए पुनः अवसर प्रदान किया जा रहा है। वह स्टेक जिनका एच-1 निविदाकार द्वारा प्राइस मैच नहीं किया गया है, उन स्टेकों को एच-1 निविदाकार सहित अन्य निविदाकारों एवं नये इच्छुक बोलीकर्ता को 9 मई तक प्राइस मैचिंग का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

- दुर्ग और राजनांदगांव में 2050 से 2100 रुपए तक लगी बोली
- शुक्रवार के बाद नए सिरे से बोली होगी शुरू



### सभी बिडरों को दिया जा रहा मौका

एम-जंक्शन के ऑनलाइन प्लेटफार्म में पंजीकृत सभी बिडर इस निविदा में भाग ले सकते हैं एवं सभी पंजीकृत बिडर को आगामी सभी बिडिंग की समय-सारणी ई-मेल के माध्यम से दी जा रही है। इसके अतिरिक्त बिडर एम-जंक्शन की वेबसाइट से भी विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अब तक ढाई लाख मीट्रिक टन धान की बिक्री 17 से 23 अप्रैल के बीच बोली के दौरान हो चुकी है। कम बोली लगाने वालों को बेस रेट में ही लें इसके लिए एक मौका दिया जा रहा है।

### संग्रहण केंद्रों से हो रही नीलामी

धान के संग्रहण केंद्रों में रखे धान की मात्रा के अनुसार अलग-अलग स्टैक तैयार किए गए हैं। 1200 क्विंटल का एक स्टैक बना है। बोली लगाने वाले तीन स्टैक या उससे अधिक की बोली लगा सकते हैं। सरकार द्वारा तय किए गए बेस रेट से कम कीमत आने पर उन्हें प्राइज मैचिंग का आप्शन दिया जा रहा है। ऑनलाइन निविदा के माध्यम से पूरे धान का निराकरण हो, इसका प्रयास लगातार किया जा रहा है।

# राशन दुकानों का भौतिक सत्यापन पूरा, वितरण शुरू पर भंडारण में देर से हितग्राही-संचालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के सभी शासकीय उचित मूल्य की दुकानों का भौतिक सत्यापन का काम पूरा कर लिया गया है। इसके साथ ही सभी दुकानों में हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण का काम भी प्रारंभ हो गया है, लेकिन अभी भी कई राशन दुकानों में डिमांड के अनुसार भंडारण नहीं हो पाया है, जिसके कारण इन दुकानों में हितग्राहियों को चावल, शक्कर एवं नमक लिए बगैर लौटना पड़ रहा है। इधर इस मामले में खाद्य विभाग के अधिकारी का कहना है कि राशन दुकानों में खाद्यान्न भंडारण में देर की शिकायतें आई हैं। इसे लेकर नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर (नान) को निर्देशित किया है कि जल्द से जल्द मई माह के लिए आबंटित खाद्यान्न का राशन दुकानों में भंडारण करें, ताकि हितग्राहियों को बार-बार दुकानों का चक्कर लगाना नहीं पड़े। इधर इस मामले में नान रायपुर के अधिकारियों का कहना है कि जिलेभर में लगभग सात सौ राशन दुकानें हैं। इन सभी दुकानों में भंडारण करने में समय लगता है, जिससे कई दुकानों में भंडारण करने में देर हो जाती है।

- डेढ महीना पहले भेजा गया था निर्देश
- अब 13 मई तक काम पूरा करने कहा



### चालू माह में भंडारण के लिए खाद्यान्न का आबंटन एक माह पहले

उचित मूल्य की दुकानों में खाद्यान्न का भंडारण का काम खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम करता है। इसके तहत सभी राशन दुकानों में चालू माह में वितरण करने वाले खाद्यान्न के भंडारण का काम निगम द्वारा एक माह पहले ही किया जाता है, ताकि चालू माह में दुकानों में खाद्यान्न हर दिन उपलब्ध रहे, ताकि कोई भी हितग्राही अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी समय दुकान से खाद्यान्न ले सके। इस व्यवस्था के बावजूद पिछले करीब 6 महीने से कई राशन दुकानों में चालू माह खत्म होने के बाद भी भंडारण नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण हर महीने जिलेभर में सैकड़ों की संख्या में हितग्राहियों को खाद्यान्न मिल नहीं पा रहा है।

### अंतिम तारीख तक नहीं लेने पर लैब्स हो जाता है खाद्यान्न

राशन दुकानों में प्रत्येक माह के लिए खाद्यान्न का भंडारण किया जाता है, वहीं हितग्राहियों को भी खाद्यान्न उसी महीने का मिल पाता है, जिस महीने के लिए खाद्यान्न आबंटित किया गया है, लेकिन जो हितग्राही दुकान में भंडारण नहीं होने से खाद्यान्न ले नहीं पाता है तो उस महीने का खाद्यान्न भी लैब्स हो जाता है, क्योंकि राशन दुकान की ऑनलाइन ई-पॉस मशीन में बैक माह का खाद्यान्न वितरण करने का आप्शन ही नहीं है। इस तरह नान की लापरवाही के कारण हितग्राहियों को खाद्यान्न लैब्स हो रहा हैं।

### नान अफसर को जारी हो चुका है नोटिस

राशन दुकानों का भौतिक सत्यापन के दौरान खाद्य विभाग को कई दुकानों में चालू महीने का खाद्यान्न नहीं मिलने की शिकायतें मिली थीं। इन शिकायतों की जानकारी कलेक्टर गौरव सिंह तक पहुंची थी, जिसके बाद उन्होंने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए नान रायपुर के अफसर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बताया जा रहा है कि इस नोटिस का जवाब एक दिन के भीतर मांगा गया था।इस नोटिस में स्पष्ट रूप से कहा गया था कि नान अफसर को जवाब लेकर खुद कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होना है, लेकिन नोटिस जारी किए एक सप्ताह से भी ज्यादा समय हो चुका हैं, लेकिन अभी तक न ही नोटिस का जवाब नहीं दिया गया है और न ही राशन दुकानों में भंडारण की व्यवस्था में सुधार आया है।

### भौतिक सत्यापन के दौरान मिलीं शिकायतें

कलेक्टर के निर्देश पर सभी राशन दुकानों का भौतिक सत्यापन किया है। इस दौरान कई दुकानों में देरी से भंडारण किए जाने की शिकायतें मिली हैं। इन शिकायतों के बाद कलेक्टर के निर्देश पर नागरिक आपूर्ति निगम की अधिकारी को कारण बताओ नोटिस भेजा है, जिसका जवाब अभी आया नहीं है।

**- भूपेंद्र मिश्रा**
खाद्य नियंत्रक रायपुर

# निदान 1100 में मिली शिकायतों से नजर फेर रहे हैं निकाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय क्षेत्रों में जन समस्याओं से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए जन शिकायत निवारण प्रणाली निदान 1100 तैयार की गई है। लेकिन राज्य के नगरीय निकाय इस माध्यम से आने वाली शिकायतों के निवारण के मामले में नजर फेर रहे हैं।

निदान में दर्ज शिकायतों का समाधान समय सीमा में नहीं किया जा रहा है। इस बात को लेकर राज्य शहरी विकास अभिकरण(सूडा) ने नाराजगी जताई है।

- आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान नहीं
- अब बनाए गए निकायों में नोडल अधिकारी

### निदान से समाधान होता है इन शिकायतों का

खास बात यह है कि निकाय क्षेत्रों में रहने वाले लोग निदान 1100 के माध्यम से अपने क्षेत्र की साफ सफाई, डोर टू डोर कचरा प्रबंधन, रोड, नाली, सीवर की सफाई, सेप्टिक टैंक की सफाई, स्ट्रीट लाइट, वाटर सप्लाई, भवन अनुज्ञा आदि अन्य संबंधित शिकायतें करते हैं। लेकिन सूडा का कहना है कि प्रायः यह देखा जा रहा है कि निदान 1100 में दर्ज शिकायतों का निराकरण समय सीमा में नहीं किया जा रहा है। इसकी वजह से आम नागरिकों में निकायों की छवि धुमिल हो रही है। निकायों की खराब ग्रेडिंग की शिकायतों का निराकरण समय सीमा में न होना इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। यह स्थिति अत्यंत खेदजनक है। भविष्ट में निदानी से प्राप्त शिकायतों के निराकरण की समीक्षा शासन स्तर पर किया जाना है। अब शिकायतों के समय सीमा में निराकरण के लिए नगर निगम, पालिका ओर नगर पंचायत स्तर पर नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

# निकायों ने नहीं भेजा पीएम आवासों की स्वीकृति का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शहरी विकास अभिकरण सूडा ने नगरीय निकायों से इस बात को लेकर गहरी नाराजगी जताई है कि राज्य के निकायों ने शासन के निर्देशों के बाद भी पीएम आवास योजना शहरी बीएलसी घटक के लिए के आवासों की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव ही नहीं भेजा। निकायों के इस कदम को सूडा ने अत्यंत खेद का विषय बताया है। अब निकायों से कहा गया है कि वे 13 मई तक ये प्रस्ताव भेजें।

### ये है मामला

प्रधान मंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के बीएलसी घटक के अंतर्गत वेब पोर्टल पर दर्ज आवेदनों का शत प्रतिशत सत्यापन तथा विस्तृत परियोजना भेजने के लिए नगरीय निकायों को 13 मार्च को पत्र भेजा गया था। इस पत्र के माध्य से शासन द्वारा इस योजना के क्रियान्वयन के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए गए थे। इसी संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव ने 23 अप्रैल को समीक्षा बैठक में भारत सरकार के युनिफाइड़ वेब पोर्टल पर पीएम आवास शहरी 2.0 बीएलसी घटक में आवास के लिए दर्ज आवेदनों का शत प्रतिशत सत्यापन करते हुए पात्र हितग्राहियों का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने के निर्देश दिए गए थे।

### अब सूडा ने जताई नाराजगी

इस मामले को लेकर राज्य शहरी विकास अभिकरण सूडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने प्रदेश के सभी आयुक्त, सभी मुख्य नगर पालिक अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत को भेजे गए पत्र में कहा है कि यह अत्यंत खेद का विषय है कि शासन के निर्देशों के बाद आज तक आवासों की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव प्रेषित नहीं किया गया है। अब सूडा ने कहा है 13 मई तक पात्र हितग्राहियों का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार कर मय जिला स्तरीय समिति से अनुमोदित प्रस्ताव अनिवार्य रूप से सूडा को भेजें।

# रजिस्ट्री कार्यालय से नामांतरण, पटवारियों का घटा बस्ता, इसलिए दफ्तरों में भी सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री का नामांतरण का अधिकार पंजीयन कार्यालयों को दिया जा रहा है। इसकी शुरुआत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रदेश के चुनिंदा पंजीयन कार्यालयों में हो गई है। इस तरह रजिस्ट्री के तुरंत बाद नामांतरण भी पंजीयन कार्यालय से होने लगे हैं। यह सिस्टम आगामी एक-दो महीने के भीतर प्रदेशभर के पंजीयन कार्यालयों में भी शुरू हो जाएगा। इधर शासन द्वारा लाए गए इस नए सिस्टम से जहां लोगों को बड़ी राहत मिली है, वहीं दूसरी ओर इससे पटवारियों के काम का बस्ता भी घटा है, जिसके कारण अब पटवारी दफ्तरों में भी दिनभर सन्नाटा पसरा रहता है। इससे पहले नामांतरण कराने के लिए लोगों को पटवारी के दफ्तरों से लेकर तहसीलों के चक्कर काटने पड़ते थे, जो नए सिस्टम के शुरू होने के बाद से लगभग बंद है।

**केस 1**

लालपुर क्षेत्र में कमल विहार ब्रिज के पास स्थित पटवारी के दफ्तर में शाम करीब 4 बजे सन्नाटा पसरा मिला। यहां एक महिला पटवारी खाली बैठी मिली। उन्होंने बताया कि प्रॉपर्टी रजिस्ट्री का नामांतरण जब से पंजीयन कार्यालय से होने का सिस्टम लागू हुआ है, उसके बाद से रजिस्ट्री नामांतरण के प्रकरण आना बंद हो गए हैं।

**केस 2**

पुजारी काम्पलेक्स स्थित पटवारी के दफ्तर में भी दोपहर 1 बजे सन्नाटा पसरा रहा। यहां भी एक-दो लोग ही मिले जो दूसरा काम लेकर पहुंचे हुए थे। यहां के पटवारी ने भी बताया कि रजिस्ट्री नामांतरण के प्रकरण अब नहीं आ रहे हैं।

**केस 3**

गोंदवारा स्थित पटवारी दफ्तर में भी दोपहर करीब 12 बजे सन्नाटा पसरा रहा। यहां का पटवारी सीमांकन के काम से फिल्ड पर गया हुआ था, जिसके कारण यहां कोई नहीं मिला।

### जहां नया सिस्टम लागू नहीं उन तहसील क्षेत्रों के पटवारी दफ्तरों में भी भीड़ नहीं

रायपुर जिले में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में आरंग एवं नवा रायपुर पंजीयन कार्यालय में नया सिस्टम लागू है। विभागीय अधिकारियों की मानें, तो जल्द ही यह सिस्टम रायपुर पंजीयन कार्यालय में भी शुरू हो जाएगा। इसके लिए तैयारी भी की जा रही है। पंजीयन कार्यालय में नामांतरण की सुविधा शुरू होने से आरंग और नवा रायपुर तहसील क्षेत्र के पटवारियों की पूछ-परख भी कम हो गई है, जिसके कारण इनके दफ्तर भी खाली नजर आने लगे हैं। रायपुर पंजीयन कार्यालय में अभी तक नया सिस्टम जरूर शुरू नहीं हुआ है, लेकिन यहां के पटवारियों की भी पूछ-परख कम हो गई है।




हरिभूमि ने गुरुवार को निगम क्षेत्र के कई पटवारी दफ्तरों की पड़ताल की, जिसमें ज्यादातर जगह सन्नाटा पसरा मिला। कहीं दफ्तर बंद मिले, तो कहीं पटवारी अकेले बैठे मिले।

### पटवारियों के पास कई काम

रजिस्ट्री नामांतरण का काम सिर्फ पटवारी नहीं करेंगे, लेकिन इसके अलावा फौती नामांतरण, नक्शा बंटवारा, सीमांकन सहित अन्य कई तरह के काम पटवारी ही करेंगे।

**- पवन कोसमा,**
तहसीलदार रायपुर

### सीमांकन, नक्शा बंटवारा सहित कई काम पटवारी ही करेंगे

इधर कुछ पटवारियों ने बातचीत में बताया कि प्रॉपर्टी रजिस्ट्री के नामांतरण का अधिकारी उपपंजीयकों को दिया है, लेकिन इससे पटवारियों को ज्यादा राहत नहीं मिली है। जमीन का सीमांकन से लेकर परिवार में प्रॉपर्टी का नक्शा बंटवारा, फौती नामांतरण सहित अन्य कई तरह के काम पटवारी ही करेंगे।

## बैज ने कहा- पीसीसी का निर्णय मानना होगा

# कांग्रेसी पार्षदों ने निशर्त वापस लिया इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष को लेकर मचे सियासी घमासान के बीच कांग्रेस के पांच पार्षदों का पत्र सामने आया। इन पार्षदों ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिखकर इस्तीफा वापस लेने और पार्टी के फैसलों को मानने की बात कही है। पत्र में पार्षदों ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज से हुई बातचीत पर संतुष्टि जताते हुए कहा, वे पार्टी के साथ मजबूती से खड़े हैं और नेतृत्व के हर निर्णय का सम्मान करेंगे।

विगत दिनों पीसीसी अध्यक्ष के निवास पर हुई। बैठक में सभी पार्षदों और शहर अध्यक्ष ने पीसीसी से माफी मांगते हुए निशर्त अपना इस्तीफा वापस लिया और पार्टी की रीति नीति का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध होने की बात भी कही। आकाश तिवारी को नगर निगम रायपुर में नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने के बाद पीसीसी ने लेखराम साहू की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया था। कमेटी ने निगम में कांग्रेस के सभी आठ पार्षदों से चर्चा करने किया इसके बाद मामले में हल निकला की प्रदेश कांग्रेस ने जो निर्णय लिया है उसे मानेंगे।

### आकाश को नेता प्रतिपक्ष बनाने पर बनी सहमति

पत्र में पार्षदों ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज से हुई बातचीत पर संतुष्टि जताते हुए माना फैसला



### 15 नेताओं से चर्चा के बाद निपटा मामला

समिति ने 15 नेताओं से मामले में चर्चा की। बताया गया है कि उन्होंने वरिष्ठ नेता सत्यनारायण शर्मा, पंकज शर्मा, विकास उपाध्याय, शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, प्रमोद दुबे, सुबोध हरितवाल, पंकज मिश्रा सहित अन्य नेताओं से अलग-अलग चर्चा की। मामले में यह पाया गया कि नगर निगम सभापति को शहर अध्यक्ष ने जो पत्र भेजा उस पर सहमति नहीं थी। मामले में जितने लोगों से चर्चा किया गया उसमें भी यह बात सामने आई। पार्षदों को इस मामले में एक तरफा रूख अपनाए जाने का दोषी पाया गया। वहीं पीसीसी के निर्णय की अवहेलना करने के कारण अनुशासन हीनता कर रहे हैं।

### शहर अध्यक्ष ने लिखा पत्र

नेता प्रतिपक्ष को लेकर समिति के पूरी जांच में यह पाया गया कि शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे की गलती के कारण पार्षदों ने इस्तीफे का कदम उठाया। मामले में पार्षद भी शहर अध्यक्ष के संपर्क में थे। वहीं साहू समाज को कांग्रेस के विरोध में खड़े करने का प्रयास पार्षदों ने किया। मामले में पीसीसी अध्यक्ष के निवास पर हुई बैठक में मामले में घिरे शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने भी माफी मांगी और निगम सभापति को आकाश तिवारी के नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने का पत्र लिखा।

# भ्रष्टाचार के आरोपी निगम आयुक्त के खिलाफ 9 साल बाद मुकदमे की अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भ्रष्टाचार के एक मामले में आरोपी बनाए गए नगर निगम रायगढ़ के तत्कालीन आयुक्त प्रमोद कुमार शुक्ला के खिलाफ राज्य सरकार ने अभियोजन की अनुमति दी है। खास बात ये है कि आरोपी अधिकारी के खिलाफ वर्ष 2016 में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया था।

बरसों तक इस प्रकरण में आरोपी के खिलाप अभियोग पत्र (चालान-मुकदमा) की अनुमति नहीं मिली। अब 9 साल बाद सरकार के विधि एवं विधायी विभाग ने अभियोजन की अनुमति दी है। इस मामले में अभियोजन की अनुमति के लिए प्रमुख सचिव विधि एवं विधायी विभाग को पत्र भेजा गया था। अब इस विभाग ने 4 अप्रैल को एक पत्र जारी कर अभियोजन स्वीकृति की सहमति दी है। इस मामले में फंसे निगम आयुक्त प्रमोद कुमार शुक्ला अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं। उनके खिलाफ वर्ष 2016 में रायगढ़ कोतवाली में धारा 420, 467, 468, 471, 120 बी. और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(2) और धार 13 (1) घ के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था।



## खबर संक्षेप

### एबीसी की रितिका दसवीं बोर्ड में टॉपर बनीं



**खरोरा।** एबीसी पब्लिक स्कूल सारागांव ने दसवीं बोर्ड में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। स्कूल की छात्रा रितिका धीवर 96 प्रतिशत अंकों के साथ अंचल में पहला स्थान प्राप्त किया है। पूर्वा देवांगन 92 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान तथा उत्तरा वर्मा ने भी 92 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान व स्नेहा वर्मा 91 प्रतिशत एवं मानसी पाण्डेय 87 प्रतिशत ने क्रमशः चतुर्थ और पंचम स्थान प्राप्त कर संस्थान एवं क्षेत्र को गौरन्वित किया हैं। प्राचार्य एमएल वर्मा ने बताया कि इस वर्ष भी दसवीं बोर्ड में हमारे स्कूल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। स्कूल के कुल 75 प्रतिशत विद्यार्थी डिस्टेंशन के साथ प्रथम श्रेणी एवं शेष विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। रितिका धीवर और उत्तरा वर्मा ने गणित में 99 प्रतिशत अंक एवं पूर्वा देवांगन ने इंग्लिश में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। रितिका धीवर ने ऑल सब्जेक्ट में डिस्टेंशन प्राप्त कर शाला में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। शाला प्रबंधन एवं प्राचार्य ने इस ऐतिहासिक सफलता के लिए शाला के शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं पालकों के कड़ी मेहनत का श्रेय देते हुए बधाई दी।

### वटगन विद्यालय में चांदनी ने मारी बाजी



**पलारी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वटगन की छात्रा चांदनी यादव ने 84.83 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरे स्थान वंदना यादव, तीसरे में चंचल वर्मा ने 79 प्रतिशत प्राप्त किए। बालिकाओं उत्तीर्ण होने पर प्रभारी प्राचार्य हेमंत वर्मा, व्याख्याता भरतलाल ढिढी, महेंद्र वैष्णव, रेखा वर्मा, तेजेंद्र साहू, तेज कुमारी नायक, रेणुका, राकेश, जी पी पाठक, मुरली सोन केवड़े, प्रदीप साहू, अरविंद चंद्राकर ने बधाई दी।

### कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम, कुणाल प्रथम

**नर्रा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुनगासेर में दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में प्रथम कुणाल 81 प्रतिशत, द्वितीय चंद्रशेखर 80 और तृतीय माही 77 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल एवं माता पिता का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य दीवान समेत पूरे स्टॉफ व युवा विकास मंच मुनगासेर से ललित पटेल, पुरषोत्तम ठाकुर, चंद्रिका ध्रुवशी, टीकम पटेल, प्रेम निषाद, रामनारायण साहू, उमाशंकर ध्रुवंशी, जोगिंदर निषाद, होरीलाल पटेल, रेखराम ध्रुव, देवसिह ध्रुवशी, सत्यनारायण, रवि, गजेंद साहू, धनेश साहू इत्यादि ने हर्ष जताया है।

### दसवीं परीक्षा में खुशी रही अव्वल

**बागबाहरा।** छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 में नरबदी देवी मुंशीलाल अग्रवाल हाईस्कूल बागबाहरा कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 79 प्रतिशत रहा। संस्था की छात्रा खुशी पिता धनंजय देवांगन ने 95.66 प्रतिशत अंक कक्षा में द्वितीय स्थान भाविका सिंह राजपूत पिता नारायण सिंह राजपूत 87.16 प्रतिशत, तृतीय स्थान कल्पना पिता महेश देवांगन ने 80.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया है।

### शिशु संस्कार केंद्र में दसवीं व बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित

**महासमुंद।** छग माशिमं द्वारा संचालित 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में उपासना यादव 93 प्रतिशत, करूणा जोशी 92.8, कमलेश कुमार यादव 88 तथा कुल विद्यार्थियों की संख्या में से 50 प्रतिशत से अधिक बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है। कक्षा 12वीं में 50 प्रतिशत से अधिक बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पारस चोपड़ा, सचिव शरद मालू, प्रबंधक मनोहर महांती शाला के प्राचार्य अवनीश वानी प्रधानाचार्य नैना श्रीवास्तव, भावना गांधी व शाला परिवार के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने उज्वल भविष्य की कामना की।

---

## परिणाम : स्वामी आत्मानंद स्कूल का छात्र बना प्रदेश का गौरव

# कांग्रेस की शिक्षा नीति का कमाल है 10वीं-12वीं के उत्कृष्ट परिणाम : साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, सिमगा के कक्षा दसवीं के मेधावी छात्र लिव्यांश देवांगन ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में द्वितीय स्थान हासिल किया है। इस उल्लेखनीय सफलता से न केवल उनके माता-पिता और गुरुजन गौरवान्वित हुए हैं, बल्कि पूरे भाटापारा विधानसभा क्षेत्र का नाम भी रोशन हुआ है।

इस अवसर पर भाटापारा विधायक इन्द्र साव स्वयं लिव्यांश के निज निवास पहुंचे और उन्हें बुके, मिठाई व कलम भेंट कर शुभकामनाएं दीं। श्री साव ने लिव्यांश को उज्वल भविष्य के लिए बधाई दी और कहा कि लिव्यांश ने प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त कर हमारे क्षेत्र और पूरे प्रदेश को गौरव का अवसर प्रदान किया है। यह सफलता उनके माता-पिता और शिक्षकों की मेहनत का परिणाम है।

■ विधायक इन्द्र साव ने दी बधाई और सहायता का आश्वासन

विधायक साव ने स्वामी आत्मानंद स्कूल के समस्त शिक्षकों का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने छात्र की प्रतिभा को सही दिशा दी। उन्होंने आगे की पढ़ाई में हरसंभव सहायता देने का आश्वासन भी लिव्यांश को दिया।

विधायक साव ने कहा कि स्वामी आत्मानंद स्कूल हमारी कांग्रेस सरकार की एक क्रांतिकारी पहल रही है, जो गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने का माध्यम बनी है। लिव्यांश की सफलता इस योजना की सार्थकता का प्रतीक है। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया, पूर्व पार्षद दशरथ चंद्राकर, सत्यजीत शेंडे, जीत नारायण साव, अमरनाथ साहू सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## बोर्ड परीक्षाओं में आरकेजी के परिणाम उत्कृष्ट

**बलौदाबाजार।** आरकेजी विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम अत्यंत उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न कक्षाओं में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है।

आठवीं बोर्ड परीक्षा में अपेक्षा चौधरी ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। यश पटेल ने 93.66 प्रतिशत, वैभव वर्मा ने 89.67 प्रतिशत, प्रेरणा वर्मा ने 89.5 प्रतिशत, जिज्ञासु साहू ने 89 प्रतिशत तथा आर्यन अग्रवाल ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।पाँचवीं बोर्ड परीक्षा में डाकेश ने 94.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। डेविड पटेल, लतानिया रविदास और समीक्षा शर्मा ने क्रमशः 92 प्रतिशत, 92 प्रतिशत और 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। नवमी कक्षा में लालिमा ने 95.3 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि गौरव वर्मा ने 93 प्रतिशत और श्रुति साहू ने 92.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। ग्यारहवीं कक्षा में अमोल भाटपेरी ने 89.2 प्रतिशत, गुंजन पटेल ने 87.2 प्रतिशत और दुर्गेश वर्मा ने 83.4 प्रतिशत अंक अर्जित किए। विद्यालय के प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त की और शिक्षकों, अभिभावकों व छात्रों को इस सफलता के लिए बधाई दी।



### अन्य कक्षाओं के परिणाम इस प्रकार रहे

सातवीं में भूमिका निषाद – 90 प्रतिशत, छठवीं में भूमिका साहू – 96 प्रतिशत, सानिया साहू – 94.83 प्रतिशत, डाइजेश्वरी वर्मा – 93.66 प्रतिशत, चौथी में गोपाल चौधरी 100 प्रतिशत, साधना – 87 प्रतिशत, तीसरी में रियान सोनवानी 90.5 प्रतिशत, चेतन साहू – 85 प्रतिशत, दूसरी में तनिष्का यादव – 95.33 प्रतिशत, सोनम मानिकपुरी – 88.66 प्रतिशत, युवराज – 87.33 प्रतिशत, प्रथम में दुष्यंत ध्रुव – 99 प्रतिशत, खिलेश्वर गोस्वामी – 94 प्रतिशत, देव कुमार साहू – 92 प्रतिशत, रागिनी मंडले – 100 प्रतिशत, अंग्रेजी माध्यमः देव कुमार यादव – 97 प्रतिशत, निखिल कुमार ध्रुव – 89.5 प्रतिशत, जिगर यादव – 86 प्रतिशत प्राथमिक कक्षाओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कक्षा 4 अंग्रेजी माध्यमः राजीव देवांगन – 96.5 प्रतिशत, यूनानी यादव – 95 प्रतिशत, टोपेश मनहरे – 94 प्रतिशत कक्षा 2 अंग्रेजी माध्यम : प्रमोद हरपाल, शिवम कुमार, पुष्पेंद्र साहू, हर्षिता डायरिया – सभी ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा 1 अंग्रेजी माध्यमः पुष्कर, हमारा, भूमिका वर्मा – सभी ने 100 प्रतिशत, आयांश सोनवानी – 99 प्रतिशत, समर वर्मा – 98 प्रतिशत, केजी -2: मयंक साहू, दिवांशु ध्रुव, रुचि पटेल, पलक साहू – सभी ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि रुक्मणी यादव और कृति कुटे ने 99.3 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।के.जी.-1 : कुलेश्वर फेकर – 100 प्रतिशत, खुशी – 99.33 प्रतिशत, चित्राली यादव – 98.6 प्रतिशत प्राप्त किए।

### उत्कृष्ट परिणाम पर क्षेत्रवासियों ने किया शॉल-श्रीफल से सम्मान

**पलारी।** दतान परिक्षेत्र साहू समाज की ओर से ग्राम साराडीह की छात्रा दीपिका साहू को श्रीफल, साल और मिठाई भेंट कर सम्मानित किया गया। दीपिका पिता डोमार साहू ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने गांव, क्षेत्र और पूरे साहू समाज का नाम रोशन किया है। दीपिका ने इस अवसर पर कहा, मैं आगे पढ़-लिखकर शिक्षिका बनना चाहती हूं, ताकि समाज की अन्य बेटियों को भी प्रेरित कर सकूं। यह सफलता मेरे माता-पिता और गुरुजनों के आशीर्वाद का परिणाम है।प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष धन्नू साहू ने कहा, दीपिका साहू की यह सफलता साहू समाज की बेटियों की प्रतिभा और परिश्रम का प्रमाण है। हमें गर्व है कि हमारे समाज की बेटियां शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। परिक्षेत्र अध्यक्ष गणपत साहू ने कहा दीपिका ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से यह सिद्ध कर दिया है कि साहू समाज की बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। समाज को ऐसी प्रतिभाओं पर गर्व है और हम उन्हें हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।तहसील अध्यक्ष जगदीश साहू, हिरमी परिक्षेत्र अध्यक्ष हिरमान साहू, न्याय प्रकोष्ठ के मोहन साहू, मीडिया प्रभारी केशव साहू, पनमेश्वर साहू, सरपंच झूमुक साहू, कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र साहू, मोहन साहू, लव कुमार, एवं गजेंद्र साहू ने भी दीपिका को बधाई दी।

### बोर्ड परीक्षा परिणाम में सशिमं लवन का दबदबा



**लवन।** सरस्वती शिशु मंदिर लवन में कक्षा 10वीं में माही वर्मा ने 95.16 प्रतिशत, आकांक्षा कुर्रे 93-50 प्रतिशत, सोनू साहू 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर लवन को गौरावनवित किया है। वहीं कक्षा 12वीं में मोनिका निषाद 82 प्रतिशत, धनेश्वरी पटेल 80.66 प्रतिशत, आनामिका साहू 80.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. नरसिंग वर्मा, व्यवस्थापक पारस ताम्रकार, कोषाध्यक्ष गिरधारी लाल वर्मा, सहसचिव रोशनदास मानिकपुरी ने सभी छात्रों को बधाई दी। प्राचार्य कमलेश कुमार वर्मा, कामला मानिकपुरी, रूपेश कुमार साहू, गजानंद प्रसाद रजक, टीकेश रजक, कमलेश वर्मा, चमेली रात्रे, रीमा घृतलहरे, खीर साहू, गोविन्द सिंगारे, आरती बंजारे, शिवचरण वर्मा, मोनिका रजक, सोहम टंडन, हरिशंकर वर्मा, ललिता साहू, कुंती साहू सभी ने बधाई दी।

### निकिता ने गणित में हासिल किए 81.2 प्रतिशत अंक



**पलारी।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा में कक्षा 12वीं गणित में देवसुंद्रा निवासी शशिकांत वर्मा की पुत्री निकिता वर्मा ने 81.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर माता-पिता सहित स्कूल का नाम रोशन किया। वह ओम उ मा विधालय देवसुंद्रा अध्यन कर रही थीं।

### हायर सेकंडरी गोंडा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

**पलारी।** विकासखण्ड के उच्च माध्यमिक विद्यालय गोडा में 10 वीं 12 वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 12वी का परिणाम शत प्रतिशत रहा। 10वीं में दर्ज संख्या 73 है, जिसमें प्रथम श्रेणी में 29, द्वितीय श्रेणी 12 तथा तृतीय श्रेणी 4 में छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं। 1 पूरक एवं 7 फैल हुए। कक्षा 10वीं में प्रथम पूजा यादव 93.66 प्रतिशत, द्वितीय श्रुति वर्मा 93.16, तृतीय चंचल वर्मा 91.66,चतुर्थ, ,साक्षी सोनी 83.33 प्रतिशत तथा पंचम स्थान जागृति साहू ने प्राप्त किया। 12वी बोर्ड का परिणाम दर्ज संख्या 89 है, जिसमें प्रथम श्रेणी में 69, द्वितीय 19 तथा 1 तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। 12वीं में प्रथम ऐजेश्वी वर्मा 89.6 प्रतिशत, द्वितीय आराधना मनहरे 86.2 प्रतिशत, तृतीय दीक्षित साहू 86 प्रतिशत, चतुर्थी स्थान शिवम् शर्मा 85.6 प्रतिशत, पंचम स्थान मोहनीश साहू 85 प्रतिशत ने विद्यालय में उच्च स्थान प्राप्त कर मान बढ़ाया है। सभी सफल विद्यार्थियों को पूर्व जनपद उपाध्यक्ष तेजराम वर्मा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष खिलेन्द साहू, ग्राम के सरपंच उषा जागेश्वर धीवर, उपसरपंच नोहर वर्मा, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष डायमंड साहू, पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश वर्मा, बीरसिंग नौरंगे, भागीराम धीवर, किशन मनहरे, योगेश धीवर, बगसराम मनहरे, कलीराम नौरंगे डोमन सोनी, रिखी यादव, देवकी वर्मा, गिरिजा वर्मा, टेकराम सेन, प्राचार्य डीके साहू, शिक्षक एम एल बंजारे, पार्वती वर्मा, हेमलता वर्मा, वंदना गोस्वामी, राजकुमार सोनवानी, मंजू ध्रुव, सृष्टि शर्मा, पल्लवी देवांगन, निधि बरिहा सहित शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों पंच एवं ग्रामवासियों ने बधाई दी।

### तुलसी वर्मा ने हासिल किए 79.83 प्रतिशत अंक



भरूवाडीह/सैहा/गुमा। अंचल के शासकीय सेनानी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रावन की छात्रा तुलसी पिता स्व. डेविट वर्मा ने दसवीं में 79 .83 प्रतिशत अंक अर्जित विद्यालय और कुर्मी समाज का नाम रोशन किया। प्रभारी प्राचार्य योगेंद्र वर्मा, सरपंच अमर सिंह नेताम, उपसरपंच टाकेश्वर वर्मा, पंच चंद्रदेव वर्मा, राज प्रधान छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय सुनीता वर्मा, मिडिया प्रभारी महेश वर्मा, सहसचिव देवेश वर्मा, सांस्कृतिक प्रभारी नरेश धुरंधर, त्रिलोचन वर्मा, श्रवण कुमार वर्मा, विजय वर्मा, किशोर वर्मा, रिम्पी स्वर्णाकार, ललिता रुसिया, राजेन्द्र वर्मा, राजकुमार वर्मा, चंदन वर्मा, इत्यादि सहित उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### ज्ञानोदय हिरमी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

हिरमी-रावन। ज्ञानोदय हिरमी का 10वीं-12वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बलौदाबाजार जिले से ज्ञानोदय उच्च माध्य स्कूल की कक्षा 10 वीं की छात्र प्रथम निखिल वर्मा 94.83 प्रतिशत, द्वितीय मुस्कान साहू 92.83 प्रतिशत, धारणी वर्मा 92.33 प्रतिशत अंकों के साथ में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। शैल वर्मा, अजय निर्मलकर, गोलू जी ने कहा कि यह स्टूडेंट्स के उत्कृष्ट शिक्षा परिणाम का प्रमुख उदाहरण है और राज्य के शैक्षिक संगठनों के लिए प्रेरणास्पद है। विदित हो कि ज्ञानोदय उच्च माध्य स्कूल हिरमी की कक्षा बारहवी में छात्र युवराज साहू व शालिनी साहू 91.6 प्रतिशत प्रथम स्थान, हर्षिता वर्मा 89.8 प्रतिशत द्वितीय स्थान, वंशिका वर्मा 88.4 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया हैं। प्राचार्य पीआर वर्मा ने विद्यालय के सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा में सफल होने पर बधाई दी।

---

# मुख्यमंत्री ने बल्दाकछार को दी कई सौगातें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार के अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कसडोल विकासखंड के ग्राम बल्दाकछार में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने शासन की योजनाओं की जमीनी हकीकत जानी और जनसमस्याओं को नजदीक से समझते हुए ग्रामवासियों को कई बड़ी सौगातें दीं।

■ महानदी में तटबंध निर्माण और चौक में लगेगी हाई मास्ट लाइट

मुख्यमंत्री साय ने ग्राम बल्दाकछार में महानदी के कटाव से सुरक्षा हेतु तटबंध निर्माण की घोषणा की, जिससे नदी के बहाव से हो रहे भूमि क्षरण को रोका जा सकेगा। साथ ही, गांव के चौक में हाई मास्ट लाइट लगाने की भी घोषणा की गई, जिससे रात्रिकालीन रोशनी की सुविधा मिलेगी।



ग्रामीणों की मांगों को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री ने बल्दाकछार में उप स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना, महानदी में एनिकट निर्माण हेतु सर्वे और नवापारा अभयारण्य में जंगल सफारी संचालन के लिए ड्राइवरों को प्रशिक्षण देकर स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की बात कही।

मुख्यमंत्री ने कहा, सुशासन तिहार का उद्देश्य यही है कि हम स्वयं आपके बीच आकर यह जान सकें कि योजनाओं का लाभ आपको मिल रहा है या नहीं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पात्र हितग्राहियों को जल्द लाभ देने हेतु आवास 2.0 सर्वे में अपना पंजीयन कराने की अपील की।

मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि अब 5 एकड़ असिंचित या 2.5 एकड़ सिंचित भूमि के मालिक और बाइक धारक भी आवास योजना के पात्र होंगे। इसके अतिरिक्त, महतारी वंदन योजना के लिए नवीन पंजीयन हेतु पोर्टल शीघ्र पुनः शुरू करने की घोषणा भी की।

इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, सचिव बसवराजू एस, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, सरपंच रमेश कुमार ध्रुव सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# मरणोपरांत शिक्षक के परिवारजनों को शासन ने दी अंग्रेशिया राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

विगत दिनों शिक्षक स्व. रेवाराम ध्रुव सहायक शिक्षक शासकीय कन्या आश्रम प्राथमिक पलारी क्रे परिवारजनों को उनके गृहग्राम मल्लीन में विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय क्रे अधिकारी कर्मचारी द्वारा दिवंगत शिक्षक के पत्नी पिला बाई ध्रुव, पुत्र टिकेश्वर ध्रुव एवं पुत्री कुसुम ध्रुव, दिलेश्वरी ध्रुव, वीरेंद्र कुमार ध्रुव को शासन से मिलने वाली अग्रेसिया राशि नगद पचास हजार रूपये प्रदान की। इसके पश्चात मृतात्मा की शांति क्रे लिए ईश्वर से प्रार्थना की, जिसमें शिक्षक व शोकाकुल परिवार एवं ग्रामीण सहित सतीश महेश्वरी सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी पलारी, भोलाराम साहू सहायक, भानु ध्रुव संकुल समन्वयक पलारी, अंगद दयाल खुटे अध्यक्ष शिक्षक सहयोग निधि, दयाराम ध्रुव ब्लॉक अध्यक्ष छ ग फ़ेडरेशन, संकुल प्राचार्य संतोष कुमार साहू, रामकुमार ध्रुव, हेमन कुमार रात्रे, भागीरथी सोनवानी सहित परिवारजन उपस्थित थे।



# निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण का लाभ उठाने में जुटे ग्रामीण युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन समाज सेवी तनमय सिंह राजपूत द्वारा चार वर्षों से कराया जा रहा है। दर्पण वेलफेयर फाउंडेशन के माध्यम से ग्रामीण छात्र-छात्राएं इस शिविर का लाभ उठा रहे हैं। तनमय सिंह राजपूत ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों को डिजिटल युग की आवश्यकताओं एवं रोजगार के अनुरूप दक्ष बनाना है इस वर्ष सौ सीटों के साथ अलग अलग बैच में क्लास लगाई जा रही हैं। प्रशिक्षण शिविर में बेसिक कंप्यूटर ज्ञान, इंटरनेट का उपयोग, एमएस ऑफिस, टाइपिंग तथा अन्य उपयोगी तकनीकी विषयों की शिक्षा दी जा रही है।

अब तक 385 छात्र-छात्राएं इस शिविर का लाभ उठा चुके हैं और कई विद्यार्थी निजी एवं सरकारी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर चुके हैं। श्री राजपूत ने बताया कि कम्प्यूटर प्रशिक्षण के साथ उन्हें कैरियर गाइडेंस की भी जानकारी दी जाती हैं। आने वाले समय में और भी उन्नत तकनीकी पाठ्यक्रम शामिल कर युवाओं को डिजिटल भारत मिशन से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनवरी से महिलाओं के लिए भी 45 दिनों का निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण शिविर प्रारम्भ किया गया है। प्रशिक्षण उपरांत संस्था द्वारा प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाता हैं।

# पहाड़ के पीछे नाला के पास मिली टेप से मुंह बंधी लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

टोंगोपानी कसेकेरा मार्ग के पहाड़ के पीछे अमरिया नाला के पास टेप से मुंह बांधी गई लाश मिली है। युवक की लाश मिलने की खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

■ हत्या की आशंका, फारेंसिक टीम पहुंची जांच के लिए

सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी है। खबर लिखे जाने तक युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। मृतक युवक के चेहरे और मुंह पर चिपके हुए टेप तथा हाथ को भी बांधे जाने से यह मामला प्रथम दृष्टया हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है।



युवक की संदिग्ध परिस्थिति में लाश मिलने की खबर से क्षेत्र के सैकड़ों लोग घटना स्थल पर पहुंच गए। पुलिस को सूचना मिलने के बाद घटना स्थल पर फोरेसिंक टीम के आला अधिकारी भी पहुंच चुके थे। ग्रामीणों के मुताबिक जिस तरह युवक के चेहरे पर टेप चिपका दिया गया है, उससे हत्या कर फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि पुलिस जांच के बाद ही सही स्थिति का पता चल पाएगा।

## पेज 09 के शेष

### पाकिस्तान के खिलाफ...

सोनी, संतोष पटेल, पार्षद जितेंद्र डड़सेना, गौतम चौहान, तरुण वर्मा, वेदांत रजक, भूपेंद्र मनहरे, योगेश अग्रवाल, सरिता मार्के, धीरज बाजपेयी सहित अन्य कार्यकर्ता एवं युवा वर्ग की उपस्थिति रही।

### शिलालेख हटाकर दोबारा

अब दोबारा भूमि पूजन कर शिलालेख हटवाया जा रहा है। यह न केवल असंवैधानिक है, बल्कि पूर्व जनप्रतिनिधियों का अपमान भी है। इस संबंध में प्रतिनिधिमंडल ने कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा और जिला कलेक्टर दीपक सोनी को ज्ञापन सौंपा, जिस पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर ने फिलहाल भूमि पूजन कार्यक्रम पर रोक लगा दी है।

### मुख्यमंत्री ने युवाओं ...

उन्होंने उपस्थित जनसमूह से आग्रह किया कि वे दोपहिया वाहन चलाते समय सदैव हेलमेट का उपयोग करें। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि दुर्घटना के समय हेलमेट सिर की गंभीर चोटों से बचाव करता है और यह केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि स्वयं की सुरक्षा के लिए एक जिम्मेदारी है। उन्होंने चौपाल में उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने तथा अपने परिवार और समाज के लिए सुरक्षित यातायात व्यवहार अपनाने का संकल्प लेने की अपील की। मुख्यमंत्री के इस प्रेरणादायक कार्य की चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों ने सराहना की और इसे जनजागरूकता की दिशा में एक प्रभावी कदम बताया।

HEALTH TOWN

"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपतियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
◀ रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar



अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### अजय बने विधायक प्रतिनिधि

**लवन।** विधानसभा कसडोल विधायक संदीप साहू ने लवन के वार्ड 4 निवासी कांग्रेस किसान मोर्चा के प्रदेश सचिव अजय ताम्रकार को विधायक प्रतिनिधि के रूप में मनोनयन कर नियुक्ति दी। जानकारी देते हुए विधायक संदीप साहू ने कहा कि नगर पंचायत में विकास की गति में अजय ताम्रकार अपनी जिम्मेदारी निभाएगा। अजय ताम्रकार को विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष गुरुदयाल यादव, रामचंद्र पटेल, देवीलाल बर्वे, प्रताप डहरिया, सतीश पाण्डेय, मृत्युंजय पाण्डेय, पद्मेश्वरी साहू, प्रेम लता बंजारे, मृत्युंजय वर्मा, कांति मनहर, संतोष साहू, राजेश साहू, अभिषेक पाण्डेय, धनकुमार औधेलिया, विनोद अंनत, अजय बर्वे, पंकज, बनवारी बर्वे, अंकित साहू, महेश कुर्रे, प्रवीण टंडन, रूपचंद मनहर, येशुदास निराला, मुकेश कुर्रे, श्यामसुंदर लोधी, टीकम लोधी, श्यामू विश्वकर्मा आदि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।



### नपा अध्यक्ष अश्वनी के नेतृत्व में नि:शक्त और जरूरतमंदों को मिली सहायता

**भाटापारा।** नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के नेतृत्व में नागरिकों की समस्याओं का संवेदनशीलता से निराकरण किया गया। इस अवसर पर दिव्यांगजन देवेश पर्यानी को आवश्यकतानुसार व्हीलचेयर प्रदान की गई, जिससे उनकी दैनिक दिनचर्या में सुविधा सुनिश्चित हो सके। साथ ही श्रद्धांजलि योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राही कुटिन सौरा को स्वीकृत सहायता राशि प्रदान की गई।
यह कार्य भाटापारा नगर पालिका की जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता और मानवीय संवेदनाओं के प्रति सजग दृष्टिकोण का प्रत्यक्ष उदाहरण है। नगरवासियों की आवश्यकता को सर्वोपरि रखते हुए, प्रशासन द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के साथ पार्षद नंदू वैष्णव, भुवन सिंह ठाकुर, बब्बू मंधान, सतीश साहू, देवेंद्र साहू, गोपी ध्रुव तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी जफर खान की उपस्थिति रही।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

**महासमुंद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के तत्वधान में ग्राम बरोंडा बाजार के ग्राम पंचायत भवन में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रबंध कार्यालय के अधिकार मित्र हरिचंद साहू द्वारा जानकारी दी गई कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महासमुंद की सचिव आफरीन बानो के मार्गदर्शन में प्रबंध कार्यालय तथा तालुका स्थित न्यायालय के आरक्षी केंद्रों में पदस्थ अधिकार मित्रों द्वारा भी 10 मई 2025 शनिवार को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरण आपसी सुलह समझौते के आधार पर प्रकरणों का निराकरण हो सके, इस उद्देश्य से वृहद रूप से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसी तारत्मय में प्राधिकरण के सचिव आफरीन बानों द्वारा ग्राम बरोंडा बाजार के पंचायत भवन पहुंचकर उपस्थित ग्रामीणजनों को विधिक जागरूकता संबंधी जानकारी देते हुए नेशनल लोक अदालत के बारे में जानकारी दी गई।

## बल्दाकछार में ग्रामीणों को मिली डिजिटल बैंकिंग की सुविधा, बिसनी बाई और सविता ने निकाली बैंक खाते से राशि

# सीएम ने किया अटल डिजिटल सेवा केंद्र का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को कसडोल विकासखंड के ग्राम बल्दाकछार में अटल डिजिटल सेवा केंद्र का अवलोकन किया।

इस दौरान उन्होंने केंद्र संचालक वीएलई रोशन लाल पटेल से सेवा केंद्र के संचालन और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री के समक्ष बल्दाकछार की बिसनी बाई ध्रुव और घिरघोल की सविता ने अपने-अपने बैंक खातों से एक-एक हजार रुपये की राशि सफलतापूर्वक आहरित की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार नागरिकों को घर के पास ही सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। अटल डिजिटल सेवा केंद्र खुलने से अब ग्रामीणों को बैंक तक नहीं जाना पड़ेगा, बल्कि बैंकिंग सहित अन्य आवश्यक सेवाएं उन्हें गांव में ही मिल रही हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे इस सेवा केंद्र का अधिकतम लाभ लें।

उन्होंने बताया कि यहां जन्म-मृत्यु पंजीयन, जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन, राजस्व सेवाएं, सीएससी आईडी, नगद आहरण, फंड ट्रांसफर, बीमा, पेंशन, पैन कार्ड, सरकारी योजनाओं का पंजीयन, पासपोर्ट आवेदन, बिजली बिल भुगतान, यात्रा टिकट बुकिंग सहित ई-डिस्ट्रिक्ट सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।



### 24 अप्रैल को हुआ था शुभारंभ

सेवा केंद्र के संचालक रोशन पटेल ने बताया कि बल्दाकछार में अटल डिजिटल सेवा केंद्र का शुभारंभ पंचायती राज दिवस के अवसर पर 24 अप्रैल को किया गया था। इस केंद्र से ग्रामीणों को विभिन्न नागरिक सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हो रही हैं।

### गांव में ही मिल रही सुविधाएं

बिसनी बाई ने बताया कि अटल डिजिटल केंद्र खुलने से बहुत सहूलियत हो गई है। अब कामकाज के बाद समय निकालकर गांव में ही पैसा निकाल पाना संभव हो गया है।

## समाधान शिविर में हितग्राहियों को मिली सुविधा

**भटगांव।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर चलाए जा रहे सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम तेंदूदरहा विकासखंड भटगांव में आयोजित समाधान शिविर में हितग्राहियों को अनेक योजनाओं का लाभ मिला। शिविर में तेंदूदरहा निवासी रजउ उरांव को कृषि यांत्रिकीकरण सब मिशन योजना के तहत अनुदान पर ट्रैक्टर प्रदान किया गया। ट्रैक्टर की कुल कीमत 6.15 लाख है, जिसमें हितग्राही ने 1.65 लाख की किश्त अदा की।

- ट्रैक्टर से लेकर मोटराइज्ड सायकिल तक, शासन की योजनाओं ने बदली जिंदगी

इसी शिविर में ग्राम पीपरभवना के दिव्यांग एवं मूकबधिर भगतुराम चौहान को निशुल्क मोटराइज्ड सायकिल प्रदान की गई। समाज कल्याण और कृषि विभाग द्वारा इन जरूरतमंद हितग्राहियों को उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप सहायता दी गई।शिविर में 10 ग्राम पंचायतों से 1316 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें प्रमुख रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण 451, मनरेगा 198, स्वच्छ भारत मिशन 73, निर्माण कार्य 155, पेंशन 77 तथा राशन कार्ड 32 की मांग शामिल है। सभी आवेदनों का समय-सीमा में समाधान किया गया।



### जल संरक्षण पर कलेक्टर ने दिलाई शपथ

कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीणों को वर्षा जल संचयन, पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों को जल संवर्धन की सामूहिक शपथ भी दिलाई।

### सामाजिक सुरक्षा की योजनाएं भी पहुंचीं गांव तक

शिविर में बुजुर्ग महिलाओं रामकुंवर और सोनमत को आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य सुरक्षा कार्ड वितरित किए गए। यह योजनाएं ग्रामीणों के जीवन यापन, आवागमन, स्वास्थ्य और आजीविका में उल्लेखनीय बदलाव ला रही हैं।

### विभागों द्वारा किया गया सामग्री एवं प्रमाण पत्रों का वितरण

शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को कई प्रकार की सहायता सामग्री व प्रमाण पत्र वितरित किए गए।
**स्वास्थ्य विभाग :** 175 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच
**महिला एवं बाल विकास :** गोदभराई, जन्मोत्सव 8 बच्चे, अन्नप्राशन 4 बच्चे
**समाज कल्याण विभाग :** मोटराइज्ड सायकिल 1 हितग्राही
**खाद्य विभाग :** राशन कार्ड 11 हितग्राही
**रोजगार गारंटी :** जॉब कार्ड 5 हितग्राही
**स्वास्थ्य बीमा:** आयुष्मान कार्ड 2 हितग्राही, निक्षय मित्र किट 1 हितग्राही
**कृषि विभाग :** दलहन-तिलहन बीज 20 किसान, ट्रैक्टर 1 हितग्राही
**श्रम विभाग :** श्रमिक सहायता 7 हितग्राही
**प्रधानमंत्री आवास :** पूर्णता प्रमाण पत्र 10 हितग्राही

## कलाकारों ने डॉ. हृदय प्रकाश को पुनः बनाया प्रदेश अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

कलाकारों के प्रदेश स्तरीय पंजीकृत संगठन, सतनाम संस्कृति एवं संगीत अकादमी छग की प्रदेश स्तरीय बैठक वृंदावन भवन रायपुर में आयोजित हुई। बैठक में चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से डॉ. हृदय प्रकाश अनंत को पुनः प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया। इस बार महिला कलाकारों के प्रतिनिधित्व और सक्रियता को बढ़ाने महिला प्रकोष्ठ का गठन कर ललिता सोनवानी को महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मनोनीत किया गया। पूर्व के सभी पदाधिकारी को यथावत रखते हुए प्रदेश प्रबंध कार्यकारिणी की सूची घोषित की गई। इस अवसर पर पदमश्री डॉ. उषा बारले, यशवन्त सतनामी, द्वारिका बर्मन, भगत गुलेरी, राजेंद्र रंगीला, चंदन बांधे, वीरेंद्र चतुर्वेदी, श्याम कूटेलिहा, अमित कमल कौशले, शशि रंगीला, धनीराम चांदने, डॉ. रोहित डहरिया, डॉ. हरगोविंद कोशले, दिलीप नवरत्न, गोफे लाल गेंदले, रोहित रत्नाकर, राम लहरे, रामबिलास खूंटे, पं. राम जोशी, रमेश घोंसले शिवा जांगड़े, मनोज आदिल, सनम टंडन, संजय नारंग, किस कुर्रे, राजेश बंजारे, विजय मनहर, सतवन टंडन, बल्लु राजा, मिलन रंगीला आदि ने हर्ष जताया।

## गौरव पथ, दशहरा मैदान और शनि मंदिर क्षेत्र में चला सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए गौरव पथ, दशहरा मैदान, वार्ड 5 और शनि मंदिर से एसएलआरएम सेंटर तक के क्षेत्रों में सघन सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व स्वयं नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने किया, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर सफाई कार्यों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

- नपा अध्यक्ष अशोक ने किया निरीक्षण, नागरिकों ने सराहा स्वच्छता प्रयास

अभियान के दौरान सफाई कर्मियों द्वारा गौरव पथ के दोनों ओर सड़क किनारे जमे मलबे और कचरे को हटाया गया तथा कचरा वाहन की सहायता से तत्काल साफ-सफाई सुनिश्चित की गई। साथ ही नालियों की सफाई कर उनमें ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव भी किया गया, जिससे संक्रमण की संभावना कम हो सके।

स्वच्छता निरीक्षक मनोज कश्यप, एसएलआरएम सेंटर प्रभारी, सफाई सुपरवाइजर, जेसीबी चालक, ट्रैक्टर वाहन चालक सहित करीब 20 सफाई कर्मचारियों की टीम ने इस अभियान में भाग लिया और कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न किया।

निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई ने नगर में नियमित सफाई कार्यों को प्राथमिकता के साथ संचालित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

इस सफाई कार्य को देख वार्डवासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष एवं परिषद की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल नगर के सौंदर्यीकरण और स्वच्छता को बढ़ावा देने में सहायक है।

नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने बताया कि इसी तरह अन्य वार्डों एवं मुख्य मार्गों के दोनों ओर फैले अनावश्यक मलबे व कचरे की सफाई भी शीघ्र की जाएगी ताकि नगर स्वच्छ और सुंदर बना रहे।



## तूफान ने उजाड़ा गरीब का आशियाना, अब पीएम आवास की आस

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर

विगत दिनों आए तूफान ने जनजीवन को काफी प्रभावित किया। इसका एक मार्मिक उदाहरण गोपालपुर निवासी पदमा साहू है, जिनका दो कमरों का कच्चा मकान तेज तूफान की चपेट में आकर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

पदमा साहू ने मीडिया से बताया कि वे एक गरीब महिला हैं और तीन छोटे बच्चों का पालन-पोषण अकेले कर रही हैं। जो छोटा सा कच्चा मकान था, उसे भी आंधी उड़ा ले गई। अब सिर पर छत नहीं है और बरसात भी करीब आ रही है, उन्होंने दुख व्यक्त करते हुए कहा।

श्रीमती साहू ने बताया कि वे लंबे समय से प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मकान की स्वीकृति का इंतजार कर रही हैं, लेकिन अब तक कोई सहायता नहीं मिली है। उन्होंने शासन-प्रशासन से अपील की है कि उनके जैसे गरीब परिवारों को जल्द से जल्द आवास योजना का लाभ दिया जाए, ताकि वे सुरक्षित ढंग से जीवन यापन कर सकें।



## नगर विकास को मिली नई गति : मंत्री टंकराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के विकास कार्यों की श्रृंखला में षष्ठी मंदिर के समीप प्रस्तावित निर्माण कार्यों के लिए कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने भूमि पूजन कर कार्य का शुभारंभ किया। पूजा-अर्चना कर मंत्री वर्मा ने निर्माण कार्य की शुरुआत की और नगर के सतत विकास हेतु शासन की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

- 18 लाख की लागत से नाली निर्माण सहित विभिन्न कार्य होंगे संपन्न

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, उपाध्यक्ष जितेंद्र महले, पार्षद प्रिया शशिभूषण शुक्ला, ममता सुभाष राव देवकते समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

नगर के विकास को समर्पित इस योजना के अंतर्गत 18 लाख की लागत से सर्किट हाउस के पीछे नाली निर्माण सहित अन्य सार्वजनिक सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा।



भूमि पूजन कार्यक्रम में पार्षदगण श्रद्धा वर्मा, हरजीत सिंह सलूजा, सतीश पटेल, शेख सलमान, लोकेश चेलक, जितेंद्र डड़सेना, मनोजकांत पुरैना, गौतम चौहान, पार्षद प्रतिनिधि शशिभूषण शुक्ला, सुभाष राव, मनीष वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केसरवानी, शहर मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव, पूर्व एल्डरमैन हरिश्चंद्र वर्मा, धीरज बाजपेई, राहुल सोनी, राजेश वर्मा, महिला मोर्चा से सुनीता वर्मा, सरिता मार्के, मंदिर समिति अध्यक्ष भूपेंद्र पटेल, सचिव विद्याभूषण साहू, एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में नगर पालिका के सीएमओ खिरोद्र भोई, उप अभियंता विनोद यादव, प्रांजल खेमुका, गुरुदत्त तिवारी समेत अन्य अधिकारी-कर्मचारी व बड़ी संख्या में वार्डवासी व नगरजन उपस्थित रहे।

## स्वच्छता टीम के साथ नपं अध्यक्ष गोपी ने की मुक्तिधाम में सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

स्वच्छता टीम के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू, उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा ने नगर के मुक्तिधाम में साफ-सफाई की। नगर अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि नगर में साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सप्ताह में एक दिन नगर के प्रमुख स्थानों को चिन्हांकित कर साफ-सफाई की जाएगी। उन्होंने नगर की स्वच्छता को लेकर सजग रहने तथा लोगों से नगर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करने की अपील की। सफाई अभियान में मुक्तिधाम के आसपास की झाड़ियां, कटीले पौधे की कटाई-छटाई की गई। डिस्पोजल गिलास, पानी पाऊच, दवाई, शीशी बॉटल, चद्दर कपड़ा, गद्दा तकिया, पीतांबरी कपड़ा सहित अन्य कचरे को एकत्रित करके जलाया गया। उक्त अवसर पर महेंद्र वर्मा, मनीष वर्मा, आनंद यादव, संतोष छेदईया सहित सफाई कमांडो की टीम व नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित थे।



online Booking:-www.tripuryatra.com
23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर, 13 नवम्बर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बुढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ से मिलिए
10 मई दिन शनिवार - राना मेडिकल स्टोर, सरकारी अस्पताल के पास, भाटापारा
11 मई दिन रविवार - बैंक ऑफ बड़ौदा के बाजू में आशीर्वाद डेंटल हॉस्पिटल, बलौदाबाजार
सुबह 10 से 3 बजे
असाध्य रोग मिटाओ
होम्योपैथी दवा द्वारा बीमारी का जड़ से निदान
यदि आपको ऑपरेशन की सलाह दी गई है तो कृपया एक बार अवश्य मिलें
मूत्र एवं किडनी रोग ओपीडी
क्या आपके मूत्र मार्ग में जलन, दर्द
बार-बार पेशाब जाने की इच्छा होती है क्या?
पेशाब नली में सिकुड़न (Urethral Stricture)
प्रोस्ट्रेट ग्रंथी का बढ़ना (BPH),
UTI बार बार इंफेक्शन Pus Cell बनना।
- अंडकोष में सूजन (Hydrocele), Varicocele) पथरी
- रात्रि में पेशाब ज्यादा होना, पेशाब कपड़े में ही छूट जाना लिकेज होना।
- ऐसा लगता है पेशाब अधूरा है और करने की इच्छा होती है।
- पेनिस में दाने, छाले, खुजली, चमड़ी फटना
- यौन कमजोरी Erectile Dysfunction शुक्राणु की कमी
- क्या आप पेशाब मार्ग में पाईप डालते है?
जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट
कृपया असुविधा से बचने के लिए अग्रिम रजिस्ट्रेशन
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9406004581
स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर